दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 300 मुरादाबाद 26 February 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## US के साथ न देने से दुखी यूक्रेन के राष्ट्रपति, बोले- हम कल भी अकेले लड़ रहे थे और आज भी अकेले हैं

रूस का यूक्रेन पर हमला जारी है। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को चारों ओर से घेर लिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की दुनिया से यूक्रेन को नहीं मिले समर्थन से दुखी हैं। उन्होंने 25 फरवरी की सुबह मीडिया से बात की और कहा कि यूक्रेन हर संभव अपनी अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने की कोशिश करेगा।

### हम कल भी अकेले थे और आज भी यूक्रेन

जेलेंस्की ने कहा है कि हम कल भी अकेले अपने देश की रक्षा कर रहे थे और आज भी अकेले लड़ रहे हैं। कल की तरह ही दुनिया की सबसे ताकतवर ताकतें दूर से देख रही हैं। क्या कल रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों ने रूस को रोक दिया? हम अपने आकाश से सुनकर और जमीन पर देखकर कह सकते हैं कि लगाए गए प्रतिबंध पर्याप्त नहीं थे।

### अमेरिका नहीं भेजेगा सैनिक, बाइडेन ने बताया

बता दें कि रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किए जाने के बाद अमेरिका ने साफ कर दिया है वह अमेरिकी सैनिकों को लड़ने के लिए यूक्रेन नहीं भेजेगा। जो



बाइडेन ने कहा है कि रूसी भले लड़ने को तैयार हों लेकिन अमेरिका लड़ने को तैयार नहीं है। इतना ही नहीं, बाइडेन ने यूक्रेन में फंसे अमेरिकी नागरिकों को बचाने के लिए भी सेना भेजने से इनकार कर दिया है।

### रूस ने यूक्रेन के 70 सैन्य ठिकाने नष्ट किए!

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन बॉर्डर पर करीब दो लाख सैनिक तैनात किए हुए हैं। रूस ने 23 फरवरी की देर रात से यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूस यूक्रेनी मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर, एयर डिफेंस फैसिलिटी, मिलिट्री एयरफील्ड्स और यूक्रेनी एयरक्राफ्ट्स को टारगेट कर रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने यूक्रेन के हवाई सुरक्षा और हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया है और रूसी सेना ने 70 से अधिक सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।

## चित्रकूट में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- समाजवादी पार्टी तो डकैतों की समर्थक, हमने भगाए डकैत

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में पांचवें चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में प्रचार के अंतिम दिन सीएम योगी आदित्यनाथ का समाजवादी पार्टी पर लगातार हमला जारी है। सुलतानपुर के बाद मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में भाजपा तथा समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल का अंतर भी बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान श्रीराम की लम्बे समय तक कर्मस्थली रहे चित्रकूट को मेरा नमन। भगवान श्री राम ने जिस जगह वनवास के साढ़े 11 वर्ष बिताए, उस धरा को कोटि कोटि नमन। यहां पर लम्बे समय से डकैतों का कब्जा हो गया था।

हमने उनका सफाया किया है। चित्रकूट में अब कोई डकैत सिर नहीं उठा पा रहा है। हमने डकैत खत्म कर दिए। समाजवादी पार्टी तो लम्बे समय से डकैतों का पोषण कर रही थी। यह डकैतों की समर्थक पार्टी है। इनकी मदद से सपाई दंगा कराते थे। हमने तो दंगाई और दंगे को खत्म किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कारिडोर से चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाएंगे। इसके साथ ही हम लालापुर में महर्षि वाल्मीकि तपस्थली



और राजापुर में तुलसीदास जन्मस्थली का समग्र विकास करेंगे। इस काम के बारे में जब लोग लोग पूछते हैं कि इतना पैसा कहां से लाएंगे तो उन्हें बता दिया है कि हमारे पास बुलडोजर है न, ले आएंगे दंगाइयों व माफिया से। अगर आप सब चाहते हैं कि बुलडोजर चलता रहे तो फिर से भाजपा की सरकार बनाएं। चित्रकूट के दोनों प्रत्याशियों को जिताकर विधानसभा भेजें। उन्होंने कहा कि अब तो चित्रकूट में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना से पानी पहुंच रहा है। बुंदेलखंड अब प्यासा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि अब आप भी पानी पिलाने में कसर नहीं छोड़ना। प्याऊ भी जगह-जगह लगवाना। आरओ प्लांट भी लग रहे हैं। 20 रुपये बोतल पानी मिलता है। अब बुंदेलखंड के लोग पानी का संकट नहीं उठाएंगे। यही काम आजादी के बाद से अब तक हो सकता था, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने ऐसा नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में इनके नेता तो पेंशन डकार जाते थे। गरीबों का हक खा जाते थे। हमने पेंशन के रुपये हर पात्र के खाते में पहुंचाए। सरकारी योजनाओं का पाई-पाई पात्र लाभार्थी के पास पहुंचा। उन्होंने कहा कि हम तो बेटी की शादी में मिलने वाली राशि को भी बढ़ाकर 51 हजार से बढ़ाकर एक लाख करेंगे।

## 'हम आपके रुख से निराश हैं', यूक्रेन के आरोपों पर भारत का जवाब; अमेरिका ने भी की बात

रूस के हमले को लेकर भारत के स्टैंड पर यूक्रेन ने गुरुवार को असंतोष जाहिर किया था। देश में यूक्रेन के राजदूत इगोर पोलिखा का कहना था कि हम भारत के स्टैंड से बेहद निराश हुए हैं। हमें उम्मीद थी कि भारत हमारा पक्ष ज्यादा मजबूती के साथ रखेगा। पोलिखा का कहना था कि भारत का अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बड़ा कद है और हम पीएम नरेंद्र मोदी से उम्मीद करते हैं कि वे इस मामले में दखल दें। उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे रिश्ते हैं। हालांकि उनकी टिप्पणी का भारत की ओर से तत्काल जवाब दिया गया और यूक्रेनी राजदूत के आरोपों को खारिज कर दिया गया। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि जो हालात पैदा हुए हैं, उसमें भारत भी एक पक्ष है। हमारी अर्थव्यवस्था



पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा और बड़ी संख्या में हमारे छात्र भी यूक्रेन में मौजूद हैं। क्या एक नया वर्ल्ड ऑर्डर तैयार हो रहा है? इस सवाल पर हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि चीजें बदल रही हैं और अपने राष्ट्रीय हितों को साधने के लिए भारत सभी प्रयास करेगा। यूक्रेन के आरोपों पर उन्होंने कहा, हम उनके संपर्क में हैं। सभी संबंधित पक्षों से इस मसले पर बात कर रहे हैं। मैं नहीं मानता कि यह बात कहना सही है कि हम एक पक्ष से बात कर रहे हैं और दूसरे पक्ष से बात नहीं कर रहे हैं।


### हम UNSC में भी शांति वार्ता के ही पक्ष में रहे हैं

अमेरिकी विदेश मंत्री ने की जयशंकर से बात, बाइडेन करेंगे मोदी को फोन- इस बीच अमेरिका ने भारत से संपर्क साधा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने बाचतीत की है। ब्लिंकन ने जयशंकर से बातचीत की जानकारी देते हुए ट्वीट किया, यूक्रेन संकट पर आज एस. जयशंकर से बात की। यूक्रेन पर रूस का हमला उसकी संप्रभुता पर अटैक है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। एस जयशंकर ने भी अमेरिकी विदेश मंत्री से बातचीत की पुष्टि की है। इसके अलावा विदेश मंत्री ने रूसी समकक्ष सेरजे लावरोव से भी बात की है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन आज पीएम नरेंद्र मोदी से भी यूक्रेन संकट को लेकर बात करने वाले हैं।- हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा, यह बात सही है कि भारत के दुनिया के सभी देशों के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। अमेरिका, रूस या फिर यूरोपियन यूनियन हो, हर किसी के साथ हमारे अच्छे संबंध रहे हैं। हमारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमेशा से यह फोकस रहा है कि तनाव को खत्म किया जा सके। हम मानते हैं कि कूटनीतिक बातचीत के जरिए ही समस्याओं का हल निकाला जा सके। यूक्रेन के राजदूत इगोर पोखिला कि टिप्पणी पर हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि हम सभी पक्षों के संपर्क में हैं और मसले का हल करना चाहते हैं।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# प्रधान पति की मनमानी से ग्राम वासी परेशान

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-बांदा जनपद के जसपुरा ब्लाक के अंतर्गत आने वाली सिंधान कला ग्राम पंचायत में ग्राम वासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। इस ग्राम पंचायत में प्रधान पति पाने चहेतो के सिवाय किसी की नही सुनता है। कई सड़के कीचड़ से भरी हुई है बच्चो वा ग्रामीण आए दिन कीचड़ में गिर का घायल हो जाते है। इतना ही नहीं प्रधान पति ने अपनी मनमानी के चलते रोड लाइटों हैण्ड पम्प के रीबर के नाम पर पुस्तकालय वा कूड़ा दान की खरीद पर भारी भरकम बिल बना कर रूपयो को निकालने का आरोप ग्राम पंचायत के सदस्यों ने लगाते बताया की तीस कूड़ा दान में एक कूड़ा दान की कीमत 18000 से अधिक का बिल पास कराया गया ।इसी क्रम में पुस्तकालय के नाम से एकलाख नब्बे हजार रुपए वा रिबोर के नाम पर सात लाख रुपए निकाले गए हैं।बारह रिबोर कराने के लिए मगर रिबोर हुए हैंड पंप में पुराना सामान डाला गया। वा पूरे रिबोर भी नही कराए गए हैं।पुस्तकालय में भी थोड़ा बहुत समान मांगा कर खाना पूर्ति की गई है। इसी ग्राम पंचायत के निवासियों ने बताया की आज तक कालोनी नही दी गई जब कालोनी के लिए प्रधान पति से कहते हैं तो लिस्ट में नाम नही है कह कर टाल देता है। इसी ग्राम पंचायत के रहने वाले कृपाल ने बताया की प्रधान जी ने अपनी मनमानी करते हुए सड़क ऊंची करा दी जिससे गंदा पानी घर के अंदर महीनो से भरा पड़ा है।जिससे कच्ची दीवार गिरने की कगार में पहुंच गई हैं।

# ईट से सर पर बार कर महिला की हत्या

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा- बिसण्डा थाना क्षेत्र के बड़ागांव में खेत मे घास लेने गई महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पहुँच गए , और फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड भी पहुची। तथा वहा की छानबीन शरू कर दी प्रथम द्रष्टया तो हत्या प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है आपको बता दे कि मामला बिसण्डा थाना क्षेत्र के बड़ागांव का है। जहाँ की रहने वाली महिला चिंता पत्नी रामा पटेल उम्र 40 साल का शव खेत में पड़ा मिला। मृतका के सर पर चोट का निशान था महिला के ऊपर ईट से हमला किया गया है। वही शव के पास पड़े ईट पर खून के निशान भी मिले है। जिससे उसकी हत्या की गई है। मौके की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मय दलबल के घटना स्थल पहुँच गए साथ मे गई डॉग स्क्वायड और फारेंसिक की टीम ने घटनास्थल से कुछ सुराग इकट्ठा किये पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा अन्य तथ्यो की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।घटना की खबर के बाद से परिजनों कोहराम मचा हुआ है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया की आज रात सुचना मिली की एक महिला शव खेत में पड़ा है। तत्काल सूचना पर हम लोग मौके पर आये है। साथ में फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड भी आई, जो घटना की जांच कर रही है। देखने पर प्रथम द्रष्टया ये लग रहा है। महिला चारा काटने आई थी। उसके ऊपर ईट से वार किया गया है। जिस ईट से वार किया गया है। वो महिला के शव के बगल से पड़ा मिला है। वही शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही जिससे हत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

# जगतजीत इंटर कालेज में मतदाता महोत्सव का हुआ आयोजन

## घर से निकल मतदान कर बनाएं नया रिकार्ड

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना ( श्रावस्ती ) जिले में 27 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जगतजीत इंटर कालेज मैदान में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमे संगीत कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित गीत गाकर मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम में निर्वाचन प्रेक्षक ने लोगों से अपने वोट का महत्व समझते हुए 27 फरवरी को बड़ी संख्या में मतदान की अपील की गई। उन्होंने मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। बीएसए प्रभुराम चौहान ने कहा कि इस बार हमारा उद्देश्य जिले को सर्वाधिक मतदान कराकर रिकॉर्ड बनाना है। जॉइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हम मतदाता हैं और यदि अपने मतदान का प्रयोग नहीं करेंगे तो निश्चित रूप से सुयोग्य प्रत्याशी के चयन में असफल रहेंगे। इसलिए अपने फर्ज एवं दायित्व का निर्वहन करते हुए स्वयं अपने परिवार के सदस्यों, अपने मित्रों आदि के साथ बूथ पर जाकर मतदान करें। एसडीएम इकौना आरपी चौधरी ने कहा कि मतदान सामान्य नहीं है। यह एक महादान है। जिसके माध्यम से हम अपने देश की सेवा कर सकते हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य भुदेश्वर पांडेय, अजीत उपाध्याय, प्रिया पाठक सहित तमाम छात्र ,छात्राएं मौजूद रहे।

# सीओ की फर्जी आईडी बनाकर ठगने वाला गिरफ्तार


शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - साइबर ठगी के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि ठगी करने वाले शातिर पुलिस तक को नहीं छोड़ रहे हैं। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय की शिकायत पर फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर रुपये मांगने वाले शातिर को साइबर सैल टीम ने ट्रेस किया जिसे पुलिस ने सोनभद्र जाकर दबोच लिया। आरोपित ने सीओ की फर्जी आईडी बनाकर सीओ के दोस्तों से ही रुपये मांग लिए थे। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है, जिससे उसने आइडी बनाई थी।



# महाशिवरात्रि के पर्व पर सुरक्षा-व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद,महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर 30 स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट तैनात

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- हिंदुओ की आस्था से जुड़े प्रमुख पर्वों में से एक महाशिवरात्रि का महापर्व एक मार्च को बनाया जाएगा। विभूतिनाथ मन्दिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए डीएम नेहा प्रकाश ने सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर 30 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। भगवान भोले के विवाह के उपलक्ष्य में फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन मनाया जाता है। इस अवसर हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था उमड़ती है। शिव मन्दिरों पर मेले का भी आयोजन होता है। उक्त कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए 30 अधिकारियों को स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। जो प्रातः चार बजे से मेला समाप्ति तक तैनात रहेंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है कि शिव मन्दिरों में जलाभिषेक स्थल/मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उनके मोबाइल नम्बर 9454417538, एसपी के मोबाइल नम्बर 9454400311 एएसपी के मोबाइल नम्बर 9454417609 पर सूचित करें। इसके अलावा एसडीएम भिनगा के मोबाइल नम्बर 9454416088, एसडीएम इकौना के मोबाइल नम्बर 9454416089 व एसडीएम जमुनहा के मोबाइल नम्बर 9454418926 पर सूचित करें। उन्होंने मेले में शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करने को कहा है।

# देह व्यापार के आरोप में महिलाओं की पिटाई

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - लोधा क्षेत्र में नव-निर्माणाधीन थाना रोरावर के पास लंबे समय से चल रहे देह व्यापार को लेकर कोई कार्रवाई न होने से गुस्साए लोग भड़क गए और हंगामा किया। जिस जगह पर देह व्यापार हो रहा था, वहां जाकर दर्जनों महिलाओं ने बाउंड्रीवाल तोड़ दी और तीन महिलाओं को पकड़कर पीट डाला। महिलाओं ने बताया कि यहां पांच मकानों में दर्जनभर से ज्यादा महिला देह व्यापार में शामिल हैं। इससे कॉलोनी वासियों व महिलाओं का निकलना दुश्वार हो गया है। बेटियां स्कूल जाती हैं तो युवक कमेंट करते हैं। देह व्यापार के साथ यहां लूटपाट भी की जाती है। इधर, पुलिस ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है और अगर ऐसा कोई मामला है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

# हवाई पट्टी के विस्तार को 716 किसानों की जमीन अधिग्रहित

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - धनीपुर मिनी हवाई अड्डे को अंतराष्ट्रीय एअरपोर्ट बनाने की दिशा में काम तेज हो गया है। प्रशासन ने हवाई पट्टी के विस्तार को 716 किसानों की 137.024 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की है। मौजूदा सर्किल रेट के हिसाब से अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन शासन को भेजेगा।

## कांठ में जय भोले की उदघोष के साथ लौट रहे कांवड़िए



मुरादाबाद-हरिद्वार से पवित्र जल लेकर जय भोले के उदघोष के साथ कांवड़िए लौटने शुरू हो गए हैं। उनके जलपान एवं विश्राम के लिए शिविर लगाकर व्यवस्थाऐं की जा रही है। महाशिवरात्रि के त्योहार पर उत्तराखंड की देवनगरी हरिद्वार से सुसज्जित कांवड़ में जल भरकर कांवड़िए लौटना शुरू हो गए हैं। डीजे की धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए महादेव के जय घोष के साथ लौट रहे हैं। रामपुर, मिलक ,मुरादाबाद, चंदौसी, बिलारी के कांवड़िए लौटने शुरू हो गए हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर एसक मार्च को कांठ क्षेत्र के कांवड़िए लौटेंगे। नगर में जूनियर हाई स्कूल में, भूड टीवा मंदिर तथा रसूलपुर से पूर्व शिव ढाबा पर चेयरमैन पति एवं पूर्व चेयरमैन अजयवीर सिंह की ओर से कांवड़िए की सेवा को शिविर लगाया है। पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा को पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। पुलिस शरारती तत्वों पर पैनी निगाह रखे हुए हैं। कांठ हरिद्वार मार्ग पर दुकानदारों एवं आवास में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे से कावड़ियों की निगरानी की जा रही है।

## यूक्रेन में बंकरों में छिपे ठाकुरद्वारा के छात्र, परिजनों को सता रही चिंता



मुरादाबाद- यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को जान बचाने के लिए बंकर में शरण लेनी पड़ी। हमले के दूसरे दिन भी हालात सामान्य नहीं हैं। शहर में सभी दुकानें बंद है और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। यह दर्द है यूक्रेन में फंसे ठाकुरद्वारा के छात्रों का। परिजनों को छात्रों ने बताया कि भारतीय अधिकारी बॉर्डर तक जा पहुंचे लेकिन छात्र वहां तक पहुंचने का साहस नहीं जुटा पाए। सायरन और बम धमाकों से छात्रों के होश उड़े हुए हैं। वहीं छात्रों के देश न लौटने से घर वालों को चिंता सता रही है। यूक्रेन में शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे नगर निवासी हाजी याकूब कुरैशी के बेटे यासर कुरैशी, हाफिज सलीम के बेटे सरताज अली और रामू वाला गणेश निवासी वीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक खड़क सिंह के बेटे आदित्य वत्सल यूक्रेन में फंसे हुए हैं। केवल डॉक्टर आफताब के भाई मेहताब अली ही वहां से निकल पाने में सफल हो पाए। छात्रों के परिजनों ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव में ये छात्र मौजूद हैं। लगातार सायरन और धमाकों की आवाजों से छात्र बुरी तरह सहमे हुए हैं। सरताज अली ने बताया कि दहशत की वजह से सभी छात्र बंकरों में छिप रहे हैं। छात्रों ने परिजनों ने बताया कि भारतीय अधिकारी बॉर्डर तक पहुंच गए हैं लेकिन इतनी अधिक बमबारी की जा रही है कि बॉर्डर तक पहुंचना असंभव है। शहर में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। छात्रों का कहना है कि बम धमाकों से दिलों की धड़कनें बढ़ जाती है। सड़कों पर मिलेट्री की गाड़ियों के सायरन ही सुनाई दे रहे हैं। ज्यादातर छात्र और छात्राएं एक साथ ही कमरों में रह रहे हैं। सभी के दिल और दिमाग में भारत सरकार से सकुशल घर वापसी की उम्मीद बनी हुई है। बच्चों के यूक्रेन में फंसे होने से परिजनों को चिंता सता रही है। वह अपने बच्चों के साथ ही अन्य भारतियों के सकुशल घर वापसी के लिए दुआ कर रहे हैं।

## एसडीएम ने ग्राम संपत्ति का किया सत्यापन



मुरादाबाद-एसडीएम ने ग्राम संपत्ति रजिस्टर का मौके पर जाकर गांव में सत्यापन किया। उन्होंने ग्राम संपत्ति के बारे में लेखपाल तथा ग्रामीणों से जानकारी की। साथ ही लेखपाल को ग्राम संपत्ति की सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम जगमोहन गुप्ता तहसील क्षेत्र के ग्राम लदावली पहुंचे। उन्होंने यहां हल्का लेखपाल को बुलाकर ग्राम संपत्ति का निरीक्षण किया। ग्राम संपत्ति का रजिस्टर मंगवा कर ग्राम समाज के तालाब, खलिहान कुड़ी के गड्ढे, स्कूल की संपत्ति जितनी भी ग्राम समाज की भूमि एवं संपत्ति रजिस्टर में दर्ज थी, सभी का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर जाकर सत्यापन भी किया। एसडीएम ने कहा कि ग्राम संपत्ति की सुरक्षा करना लेखपाल का कर्तव्य है। क्योंकि लेखपाल लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रहते हैं। अगर किसी भी ग्राम समाज की भूमि या सार्वजनिक तालाब अथवा किसी भी ग्राम संपत्ति पर कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से कब्जा करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विनोद कुमारी लेखपाल तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## युवाओं के ,प्रेरणा स्रोत यशस्वी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर जी से राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष की मुलाकात

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा रामशरण लाल मेमोरियम इंटर कॉलेज के प्रबंधक गुरुजी जगदीश सक्सेना पहुंचे लखनऊ जहां पहुंचकर युवाओं के प्रेरणा स्रोत यश वशी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर जी से मुलाकात की श्री राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना जी ने मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर शिष्टाचार मुलाकात करते हुए श्री अनुराग ठाकुर जी से विधानसभा चुनाव को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं और स्टेडियम निर्माण को लेकर सकारात्मक वार्तालाप भी किया इस दौरान माननीय गुरु जी जगदीश सक्सेना जीने देश में फेल रही नफरत को दुख का विषय बताया केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर जी ने उनके बड़प्पन उच्च विचारों का बहुत सम्मान किया इस दौरान हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना जी ने भारत के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए देश का भविष्य युवा युवाओं को अच्छी सोच व अपने माता पिता की सेवा करते रहने को ही सच्चा सुख बताया उन्होंने कहा यदि भारत का हर हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई वर्ग के युवाओं की सोच देश के प्रति वफादारी को लेकर हो तो हमारे देश हमारे खूबसूरत प्यारे हिंदुस्तान को किसी की बुरी नजर नहीं लगेगी हमें सिर्फ अपने माता पिता के दिए हुए प्रेरणा संस्कार को ध्यान में रखते हुए आगे कदम बढ़ाना चाहिए देश के हर नागरिक को शिक्षार्थ गुरुओं का सम्मान करना चाहिए गुरु गोविंद सिंह जी ने भी कहा है जो गुरु का सम्मान करते हैं उनको स्वयं भगवान सुख देते हैं गुरु मिल भगवान भगवान मिल गुरु यह कथनी और करनी दोनों सराहनीय है हमें ऐसी धारणा रखनी चाहिए जो इंसानियत और मानवता का सर गर्व सम्मान से ऊंचा हो हम सिर्फ इसी को ध्यान में रखते हुए अपने शिक्षकों को ज्ञान देते हैं सम्मान करना चाहिए यही हमारे हिंदुस्तान की मातृभूमि की पहचान है हर हिंदुस्तानी हिंदुस्तान का सिपाही है हिंदुस्तान को किसी की नजर ना लगे हम ईश्वर से रात दिन हाथ जोड़कर उस की गाथा लीला में मगन होकर यही प्रार्थना करते हैं अपने जीवन में मैं यही सोच कर हमेशा खुद को खुशहाल मानता हूं के यह जीवन किसी के काम आ सके यही माननीय युवाओं के प्रेरणा स्रोत यशवी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर जी से हाथ जोड़कर निवेदन वे आदर सम्मान करता हूं हमारे क्षेत्र ठाकुरद्वारा को कई चीजों की जरूरत है जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधा और स्टेडियम निर्माण कार्य कराया जाए भारत सरकार के मंत्री अनुराग ठाकुर जी से यही उम्मीद व आशा करते हैं

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Wars and worries

The war has started now. The battle that had been playing out in Eastern Europe for the past few weeks had to reach this end. Intervention efforts by France and Germany, US sanctions and marathon meetings of the United Nations did not stop Russia from attacking Ukraine. It was clear Monday that Russia would attack, after Russian President Vladimir Putin said in a televised address that he did not recognize Ukraine's sovereignty. The very next day, Russia recognized the two regions of eastern Ukraine that had rebelled and declared their separation from Ukraine. When the Russian armies moved towards these two areas, the war had already begun. It was just about to be announced. Now that this announcement has also been made and bomb blasts have started from different areas of Ukraine, then neither such forces are visible, nor is there any such understanding, which will give concrete steps to quell this fire. You take the initiative"However, only after reports of war broke out, Ukraine claimed to have shot down five enemy aircraft and one helicopter. It is not easy to know the truth of such claims during war, but one thing is clear that Russia is far more powerful as far as military power is concerned. We have also seen this in the battle that took place eight years ago, when Moscow very easily annexed Crimea from Ukraine. That's why Ukraine is now looking to America and the countries of Western Europe to come and protect their armies, but so far no one has shown the desire to jump into this fray. As everyone knows, after this the war will no longer be confined to Ukraine, but does this mean that Ukraine will be left completely at the mercy of Russia? Ukraine, which once had a large number of nuclear weapons, gave up most of its weapons after security guarantees from the US, Russia and Britain. Now how many such weapons are left with him is not known, but the issue of security guarantee has been forgotten.

"There are more concerns though. Many countries of Western Europe are dependent on imports from Russia for their fuel requirements like petrol, gas. If the tension prolongs and the fuel supply from Russia is cut off, they will move to the Gulf countries, which will mean a rise in the price of petrol in the world market. Prices have also started rising. If they increase further, then new troubles may arise for those countries like India, whose major part of foreign exchange funds is spent in petroleum imports. At a time when the economies of the whole world are trying to get back on track after the Kovid epidemic, all this can give a big blow to the goals of economic development. But India's immediate problem is with the Indians who are currently stuck in Ukraine. India had made an emergency plan to bring them back, but Ukraine's airspace has been closed due to the war. This is the time when instead of increasing the tension, thoughtful efforts should be made in the direction of peace.

## Alia Bhatt spoke to the photographer 'Sorry Babu', people said - Ranbir misunderstood

Alia Bhatt's film 'Gangubai Kathiawadi' has been released. There is a mixed reaction of the audience on the film. At the same time, his Bollywood colleagues are praising Alia openly. Alia was busy promoting the film for so long. After this the movie premiere also took place with Kaas people. Meanwhile, a video of him is going viral. In this video, she is seen apologizing to the paparazzi. He said sorry babu to paps. People are making different types of comments on the video."People said- Alia is sweet"Sanjay Leela Bhansali's film Gangubai has been released in Kathiawadi theatres. The film was in the headlines for a long time. Alia Bhatt is its lead actress. His strong acting is also being praised a lot. A video of him before the release of the film has surfaced. In this, the paparazzi asks Alia to pose. Although she was in a hurry, she is seen politely refusing the request of the photographers. When someone asked him for a photo, Alia said, 'Sorry Babu'. Seeing this video, people are praising Alia. One user has written, how sweet she is. Another wrote, He is pure soul. Some people have fun too. One user has written, the girl mistakenly mistook you for Ranbir."Ajay Devgan also got praise"Ajay Devgan is also in the film Gangubai Kathiawadi with Alia Bhatt. According to the reviews, his acting is also commendable. Alia has helped a lot to fit into the role of Gangubai in the film. He learned to speak in Gujarati tone. Not only this, according to the reports, he had also understood the lifestyle there by going to the red light area.



## Kareena and Malaika were trolled at Farhan-Shibani's party wearing such a dress, people said - what has wrapped the curtain?




Bollywood's newlywed couple Farhan Akhtar and Shibani Dandekar are dominating social media these days. On Thursday night, producer Ritesh Sidhwani gave a grand reception party for this newly married couple. In this party, all the divas of the film industry appeared together. In this party, many beauties like Kareena Kapoor, Malaika Arora, Deepika Padukone were seen wreaking havoc in black dress. She gave a lot of poses to the paparazzi, during which these actresses also got trolled fiercely. Malaika Arora, Kareena Kapoor, Karisma Kapoor and Amrita Arora arrived in gorgeous looks at Farhan Akhtar and Shibani Dandekar's reception party. This video of Kareena's girl gang is becoming fiercely viral on social media. All four were seen giving strong competition to each other in beauty. She wore a beautiful black outfit, in which Malaika carried a transparent gown. While Kareena wore a bodycon short dress, Amrita opted for an off shoulder gown. These four beauties are in discussion about their looks. While some people find it quite sizzling, there are others who did not like it anything special. As a result, users trolled him fiercely on social media. One was concerned that why they are called girl gangs, while all of them have crossed the age of 40. So most people did not understand Malaika Arora's dress. He felt that the actress was wearing something like a swimming costume. So there another asked, do you go to the wedding wearing such clothes? Although there were many people who liked Karishma Kapoor's dress.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मेडिकल कॉलेज की लैब को आधुनिक बनाया जाएगा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एट- मेडिकल कॉलेज की लैब को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके निर्देश सेवा प्रदाता कंपनी पीओसीटी को दिए गए हैं। आधुनिक लैब तैयार होने के बाद थायराइड और हेपेटाइटिस के साथ ही कई अन्य जांच भी कॉलेज की लैब में हो सकेंगी। इससे यहां आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को। पहले यहां 27 प्रकार की जांच होती थी, आधुनिक होने के बाद यहां 35 प्रकार की जांच हो सकेंगी। मेडिकल कॉलेज में प्वांइट ऑफ केयर टेस्टिंग (पीओसीटी) सर्विसेज लखनऊ सेवा प्रदाता कंपनी मरीजों की जांच कर रही है। इस कंपनी को लैब हाईटेक करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक यहां संचालित लैब में थायराइड और हेपेटाइटिस सहित कई जांच नहीं हो पा रही हैं। इन जांचों को निजी लैबों में ही मरीजों का कराना पड़ रहा है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के सामने काफी मुश्किलें आती हैं। अब थायराइड टी-4, टी-3, टीएसएच और




हेपेटाइटिस-ए, बी, सी सहित कई अन्य जांचें होना शुरू हो जाएंगी। पीओसीटी कंपनी के डिप्टी मैनेजर राजीव कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में लैब को आधुनिक बनाने के निर्देश मिले हैं। लैब एमसीएच विंग में स्थापित की जानी है। यहां पर कई मशीनें बढ़ाई जाएंगी और थायराइड, हेपेटाइटिस आदि जांचों की सुविधा बढ़ जाएगी। लैब को हाइटेक बनाने का कार्य मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज स्थित लैब को आधुनिक (हाईटेक) बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक सीमित जांचें ही हो पा रही हैं। लैब का विस्तार होने के बाद जांचों का दायरा बढ़ जाएगा और मरीजों को आसानी से सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। - डॉ. रजनी पटेल, प्राचार्य

# मरीजों को नही मिल रहे डॉक्टर समय पर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एट- वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीज तो तय समय सुबह आठ बजे पहुंच जा रहे हैं। वहीं चिकित्सक डेढ़ घंटे बाद पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को संवाद न्यूज एजेंसी की टीम को कुछ ऐसा ही हाल देखने को मिला। इससे पहले यहां पहुंचे मरीज दर्द से कराहते दिखे। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी सीनियर और जूनियर चिकित्सकों के हवाले है। चिकित्सक नियत समय से ओपीडी में नहीं आ- जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में दवाएं लेने के लिए जिले के कोने-कोने से मरीज आते हैं। बृहस्पतिवार सुबह 8 बजे से यहां मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया। वहीं किसी भी कमरे में कोई चिकित्सक नहीं था।

> ओपीडी में समय पर नहीं पहुंचना गंभीर बात है। अगर ऐसा हो रहा है तो गलत है, इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जाएगी। चिकित्सकों का ओपीडी समय आठ बजे है। तय समय पर ही पहुंचना चाहिए। - डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल, सीएमएस

मरीजों ने पर्चे बनवाकर यहां कतार लगा ली। खड़े-खड़े थक गए तो हटकर बेंच पर बैठ गए। लंबे इंतजार बाद 9.30 बजे के बाद चिकित्सकों का पहुंचना शुरू हुआ।

**बोले मरीज व तीमारदार-**

पेट में दर्द होने की वजह से सुबह आठ बजे ओपीडी में पहुंच गए थे। साढ़े नौ बजने जा रहे हैं अब तक छह नंबर ओपीडी में कोई चिकित्सक नहीं आए है। - जितेंद्र कुमार, अचलपुर

बेटे की तबियत खराब होने पर दिखाने आया। नियम समय से इंतजार करता है। बेटा दर्द से परेशान रहा। साढ़े नौ बजे तक डॉक्टर न मिलने से दवा नहीं मिल पाई। - सुखवीर सिंह, मोहल्ला नारायणनगर

पत्नी अंगूरी देवी बीमार चल रही हैं। सोचा था कि सुबह भीड़ कम होगी और आसानी से परामर्श लेकर दवा ले देंगे। डॉक्टर ही नहीं आए। ऐसे में दवा नहीं मिल सकी है।- राजेश कुमार, मलावन

तबीयत खराब चल रही है, ऐसे में सुबह आठ बजे आ गया। जिससे भीड़भाड़ से बचा जा सके। अस्पताल में कोई डॉक्टर बैठा नहीं मिला। मजबूरन निजी चिकित्सक के पास जाकर दवा लेनी पड़ी।-जसवीर सिंह, एमपी नगर

# सड़क हादसे मे तीन की मौत तेरह घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

> √ जैथरा के अगरैया में सड़क किनारे खेल रहे बालक को ईको ने चपेट में लिया
> √ सकीट थाना क्षेत्र के गांव बाबली में युवक वाहन की चपेट में आया

एट- जैथरा क्षेत्र में सड़क किनारे खेल रहे बालक को ईको गाड़ी ने चपेट में ले लिया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिरहची क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर किशोर व सकीट क्षेत्र में युवक की वाहन की चपेट में आने से जान चली गई। वहीं विभिन्न हादसों में 13 लोग घायल हो गए। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव अगरैया में रंजीत सिंह का 10 वर्षीय पुत्र हरिओम दुर्घटना का शिकार हुआ है। परिजनों ने बताया कि गांव अलीगंज- एटा मार्ग पर स्थित है। बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे हरिओम सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान एटा से अलीगंज की ओर जा रही ईको गाड़ी काफी तेज रफ्तार से निकली। इसने हरिओम को चपेट में ले लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, मिरहची थाना क्षेत्र के गांव धिरामई निवासी पुष्पेंद्र (14) अपने पिता के साथ बुधवार देरशाम गांव लौट रहा था। गांव के बाहर ही किसी अज्ञात वाहन ने पुष्पेंद्र को चपेट में ले लिया दी। गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र को परिजन मेडिकल कॉलेज लाए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सकीट थाना क्षेत्र के गांव बाबली निवासी मुलायम सिंह (40) की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर में मजदूरी करता था। बुधवार देरशाम मलावन थानांतर्गत आसपुर चौराहा के पास वाहन के इंतजार में खड़ा था। इसी समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। वहां से आगरा रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को वहां उसकी मौत हो गई। वहीं सकीट थाना क्षेत्र के गांव नगला गंगी में दो बाइकें भिड़ने से सुमित, सौरभ, दीपक, अंशुल निवासी मुबारिकपुर टिमरुआ और दूसरी बाइक पर सवार सुरेश व उनकी पत्नी शकुंतला निवासी सीतापुर घायल हो गईं। पिलुआ थानांतर्गत गांव उमरायपुर पर भी दो बाइक भिड़ गईं। इसमें दिनेश, ललित निवासी पिलुआ और प्रवेंद्र नगला भजा घायल हो गए। मिरहची के पास मैक्स पलटने से रूप सिंह, संतोष, कुलदीप, तिरमल निवासी नगला रनुआ कोतवाली देहात घायल हुए हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# अज्ञात व्यक्ति की हत्या, नही हुई पहचान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एट-हत्या कर युवक का शव राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड के किनारे मलावन थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। बृहस्पतिवार सुबह मलावन थाना क्षेत्र के गांव सेंथरी के पास मुर्गी फॉर्म के सामने करीब 28 वर्षीय युवक का शव देखा गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक के शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं थे। जूते-चप्पल आदि नहीं पहने है। जिससे इसमें सड़क दुर्घटना की संभावना नहीं लग रही। पुलिस ने युवक की पहचान कराने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। मलावन थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके चलते उसकी मौत के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। उसके फोटो सभी थानों को भेज दिए गए हैं। शरीर पर दुर्घटना जैसी चोट के निशान नहीं हैं। गले पर कुछ हल्के निशान दिख रहे हैं। आशंका है कि उसकी हत्या कर शव यहां फेंका गया है। पोस्टमार्टम में यह बात सामने आ जाएगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# हत्या के प्रयास की घटना में वाँछित चल रहा अभियुक्त घटना में प्रयुक्त अवैध असलाह सहित गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, हत्या के प्रयास की घटना में वाँछित चल रहा अभियुक्त घटना में प्रयुक्त अवैध असलाह सहित गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 - 347/2021 धारा 323,504,506,307 भादवि0 की घटना में वाँछित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र तेजराम निवासी ग्राम साढ़ूपुर थाना अलीगंज जनपद एटा को घटना मे प्रयुक्त अवैध असलाह सहित गिरफ्तार कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# योग शिविर का आयोजन कराया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- यश योग सेवा समिति द्वारा आइडियल पब्लिक स्कूल मैं आज योग शिविर का आयोजन कराया गया द्य योग शिविर में स्कूल प्रबंधक प्रेमपाल चौहान , प्राचार्य उषा वार्ष्णेय ,डॉ अमित चौहान योग प्रशिक्षक यशवीर सिंह महिला योग प्रभारी आशु वार्ष्णेय एवं अन्य योग शिक्षक मौजूद रहे स्कूल के बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ ने भी योग शिविर में सहभागिता की

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 22 हजार रूपये कीमत के गांजा सहित 1 गिरफ्तार, थाना चांदनी पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर चांदनी पुलिस ने एक व्यक्ति से 2 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ पकड़ उसके विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में बुधवार को चांदनी पुलिस की टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम नवाटोला में घेराबंदी कर ग्राम गौरा, थाना सरई, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश निवासी शास्त्री प्रसाद जायसवाल उर्फ दादू पिता लल्लू प्रसाद को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 22 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्व धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चांदनी के.पी.चौहान, एसआई बृजेश यादव, आरक्षक रविराज पाण्डेय, शिवकुमार बिंझवार, मुरलीधर नायक, शंकर सिंह, अनिल कुमार व चेतन राजवाड़े सक्रिय रहे।

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच की खबर का असर

# दूरस्थ क्षेत्र तेलाईपाठ के ग्रामीणों की दूर होगी पेयजल समस्या

पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - बिहारपुर. जन कल्याण की दिशा में दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच की खबर का एक बार फिर से असर देखने को मिला. 23 फरवरी को प्रकाशित ”शुद्ध पेयजल के लिये मचा हाहाकार 6 माह से गांव का एकमात्र हैडपम्प है खराब. नदी का पानी पी रहे ग्रामीण खबर का तत्काल असर देखने को मिला.. शासन स्तर पर इसे बहुत गंभीरता से लिया गया और अपर मुख्य सचिव द्वारा तत्काल विभाग से जानकारी ली गई. अपर मुख्य सचिव ने अधीक्षण अभियंता को नया बोर करने निर्देश दिया, जिस पर अधीक्षण अभियंता द्वारा आज ही उक्त ग्राम में बोर किये जाने हेतु वाहन है. ए. सी. एस द्वारा यथाशीघ्र बोर कर ग्रामवासियों को राहत देने निर्देश दिया गया कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को भी निर्देशित किया गया. कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्रामवासियों की उक्त पेयजल और निस्तारी समस्या को दूर करने जलजीवन मिशन से 40.84 लाख रुपए की योजना स्वीकृत की गई है जिसमे दो नलकूप खनन किया जाएगा और सोलर पंप से प्रत्येक घर मे पानी पहुँचाया जाएगा, जैसे ही सड़क का कार्य पूरा होगा और जैसे ही वाहन के जाने योग्य रास्ता होगा जलजीवन मिशन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा. गौरतलब है कि जिले के ओड़गी विकासखंड के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दुर्गम दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ के आश्रित ग्राम तेलहपाठ में एकमात्र हैंडपम्प के 6 माह से खराब होने पर ग्रामीण 4 किलोमीदर दुर रेडीया नदी का पानी लाकर प्यास बुझा रहे. जिससे ग्रामीण को काफी परेशानियों का सामना करना पड था. इसके अलावा गंठाव में शिक्षा, स्वास्थ, विद्युत, सडक सहित आवश्यक मुलभूत सुविधाओ के लिये ग्रामीण की की समस्याओं को अवगत कराया गया था.





**अपर मुख्य सचिव ने अधीक्षण अभियंता को तत्काल राहत हेतु नवीन बोर करने सहित जल जीवन मिशन का कार्य जल्द करने दिए निर्देश ग्राम में बोरिंग वाहन पहुचां प्रभावित**

## रातो रात बनाई सडक



खुदाई करने वाली वाहन पहुची.. ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह की खुदाई वाहने तेलईपाठ के लिये गया हुआ है इसके अलावा हैडपंप लगाने व सुधार करने वाले वाहन सहित कई वाहन व जिला प्रशासन व जनपद के अधिकारी कर्मचारी प्रभावित ग्राम रवाना हुये है. गुरुवार की रात जिला प्रशासन की टीम ने दुर्गम रास्तो को दुरुस्त किया गया था. बहरहाल जिला प्रशासन की जन कल्याण की दिशा में तत्काल पहल को चांदनी बिहारपुर के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया है.

# बाल कल्याण समिति द्वारा सात बच्चों को तमिलनाडु से लाकर अभिभावको को किया सुपुर्द

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के दुर्गम दुरस्थ क्षेत्र बिहारपुर के बच्चों को कुछ ऐजेन्टों के द्वारा पैसे का लालच देकर तमीलनाडू के सेलम जिला ले जाया गया। जिसमें मिली जानकारी अनुसार बताया गया कि बाल संरक्षण टीम तमीलनाडू ने सूरजपुर को सको सूचित कर जानकारी दी। जानकारी प्राप्त होते ही यहां टीम हरकत में आकर पुष्ट जानकारी के साथ तमीलनाडू के सेलम जिला के लिए रवाना हुई। तमिलनाडु गये बच्चों का नाम पता मंगाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने तत्काल गृह सत्यापन कर तमिलनाडु भेजा और वहां के जिला बाल संरक्षण इकाई एवं होम्स से सम्पर्क कर उन्हें यहां लाने हेतु स्कार्ट नियुक्ति किया। इसी बीच कुछ बच्चों में कोरोना पाजीटिव के लक्षण आने से उनका आना एक बार निरस्त कर दिया गया । फिर कोरोना संक्रमण दर कम होने तथा बच्चों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें तमिलनाडु से लेकर टीम आई। रायपुर से जिला बाल संरक्षण अधिकारी सभी बच्चों के साथ स्कार्ट टीम सूरजपुर लेकर आई। संयुक्त जिला कलेक्टेट्र में सभी बच्चों सहित आय हुए स्टाप को कोविड टेस्ट कराया गया। सभी के रिपोर्ट निगेटिव आने के पश्चात् जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया से सभी बच्चों को मिलाया गया, उन्होंने सभी का परिचय लिया और उन्होंने कहा कि सभी को काम यहीं मिल जायेगा। अधिक लाभ के लालच में बाहर ना जाये। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों को उनके अभिभावक के सुपुर्द किया गया। सभी समझाइश दी गई कि अब बच्चे किसी भी काम से बाहर ना जायें और उनके परिवार रोजगार की व्यवस्था यहीं की जाये। बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाये। उन्हें शिक्षा से दूर ना किया जाये। बच्चों को सुपुर्द करने में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्रीमती किरण बघेल, सदस्य श्री राजेश शर्मा, सुश्री कविता सिंह, श्रीमती फरीदा खान, श्री घनश्याम राजवाड़े, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, संरक्षण अधिकारी सुश्री प्रियंका सिंह, परामर्श दाता जनेन्द्र दुबे, हर गोविन्द चक्रधारी, चाईल्ड लाईन ओड़गी से श्रीमती राधा यादव, अनवरी खातुन, ग्राम पंचायत पासल के सरपंच रविशंकर एवं सभी बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बताया की बच्चों का फालोअप अब करते रहेंगे तथा उनके द्वारा उन्हें शिक्षा से जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। बच्चों को तमिलनाडु से सूरजपुर लाने वालों में भगाराम एस0, महेश्वरन, रामचन्दन, महेन्द्रन एस0टी0, धनुवासन उपस्थित थे।

www.knlslive.com